**Regarding establishment of Navodaya Vidyalaya and Kendriya Vidyalaya in Malda district, West Bengal.-laid**

श्री खगेन मुर्मु **(**माल्दहा उत्तर**) :** मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि मालदा जिले में 3 लाख से अधिक आदिवासी (ST) समुदाय के लोग निवास करते हैं, जो जिले की कुल जनसंख्या का लगभग 7.87% हैं । इसके अतिरिक्त, जिले की 21% जनसंख्या अनुसूचित जाति (SC) समुदाय से संबंधित है । इस संदर्भ में, मैं मालदा जिले में आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदाय के बच्चों के लिए नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की सिफारिश करता हूँ । इस कदम से इन समुदायों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी और उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा । नवोदय विद्यालय की स्थापना के लिए निम्नलिखित स्थान उपयुक्त माने जा सकते हैं:-

हबीबपुर ब्लॉक;

गाजोल ब्लॉक;

पुराना मालदा ब्लॉक;

बामनगोला ब्लॉक ; और

चांचल ब्लॉक

इन स्थानों पर नवोदय विद्यालय की स्थापना से आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदाय के बच्चों को शिक्षा के समान अवसर मिलेंगे, साथ ही यह पूरे क्षेत्र के शिक्षा स्तर को ऊँचा उठाने में भी मदद करेगा ।

अतः मैं अनुरोध करता हूँ कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार कर मालदा जिले में उपयुक्त स्थानों पर नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँ ।